स्व. प्रो. ए. चक्रवर्ती, मद्रास

एवं

स्व. डॉ. ए. एन. उपाध्ये

को

सादर समर्पित

अनुक्रमणिका

प्रकाशकीय

डॉ कमलचदजी सोगाणी द्वारा चयनित एव सम्पादित "समयसार-चयनिका" नामक प्रस्तुत पुस्तिका प्राकृत भारती के 52वें पुष्प के रूप मे प्रकाशित हो रही है।

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि यह चयनिका आचार्य कुन्दकुन्द के समयसार ग्रन्थ के आधार पर तैयार की गई है। आचार्य कुन्दकुन्द अपने समय के जैन सैद्धान्तिक साहित्य एव शौरसेनी प्राकृत के दिग्गज विद्वान् ही नही, अपितु जैन परम्परा प्रसूत अनेकान्तवाद के प्रबल पक्षधर एव प्रचारक भी थे। जैन परम्परा ने इन्हे न केवल विशिष्ट प्रतिभा सम्पन्न मनीषि ही माना है अपितु प्रात स्मरणीय मगलकारी आचार्य भी माना है। जिस प्रकार श्वेताम्बर परम्परा ने भगवान् महावीर और गौतम गणधर के पश्चात् स्थूलभद्र[1] आदि को मगलकारक माना है वैसे ही दिगम्बर परम्परा ने भगवान् महावीर और गौतमगणि के अनन्तर आचार्य कुन्दकुन्द[2] आदि को मगलकारक मानकर श्रद्धास्पद स्थान दिया है।

आचार्य कुन्दकुन्द-निर्मित मुख्यत 5 कृतियाँ हैं — 1 अष्टपाहुड, 2 नियमसार, 3. प्रवचनसार, 4 पचास्तिकाय और 5. समयसार। इनका समग्र साहित्य आज के सन्दर्भ मे अध्ययन और प्रचार-प्रसार की दृष्टि से सर्वोपरि माना जाता है।

---

1 मगल भगवान् वीरो मगल गौतमो प्रभु ।
मगल स्थूलभद्राद्या, जैन धर्मोस्तु मंगलम् ॥

2 मगल भगवान् वीरो, मगल गौतमो गणि ।
मगल कुन्दकुन्दाद्या, जैन धर्मोस्तु मगलम् ॥

समयसार मे उनकी विचार-सरणि जैन दर्शन, कर्म सिद्धान्त, रत्नत्रयी और अनेकान्तवाद का विशदता के साथ विश्लेषण करती है। आठवें बन्धाधिकार की 40वी गाथा मे उल्लेख है :—

आयारादी णाण जीवादी दसण च विण्णेय।
छज्जीवणिक च तहा भणदि चरित्त तु ववहारो। (138)

आचाराग आदि (आगमो) मे (गति) ज्ञान समझा जाना चाहिए और जीव आदि (तत्त्वो मे) (रुचि) दर्शन (सम्यग् दर्शन) (समझा जाना चाहिए)। छ जीव समूह के प्रति (करुणा) चारित्र (समझा जाना चाहिए)। इस प्रकार व्यवहार (नय) कहता है। षड्जीवनिकाय की चर्चा वर्तमान मे प्राप्त आचाराग सूत्र मे यथावत् उपलब्ध है।

समयसार का परिचय—इस ग्रन्थ का मूल नाम है "समय-पाहुड" अर्थात् समयप्राभृत। ग्रन्थ मे तीन स्थानो पर "समयसार" का उल्लेख भी प्राप्त होता है। वर्तमान समय मे समयसार नाम ही प्रसिद्ध है। समय का अर्थ है आत्मा और सार का अर्थ है शुद्ध स्वरूप, अर्थात् अभेदरत्नत्रयरूप विशुद्ध आत्म-स्वरूप का इसमे वर्णन होने से इस ग्रन्थ का नाम समयसार है, जो सार्थक है।

इसकी दूसरी व्युत्पत्ति भी है :—समय का अर्थ है सिद्धान्त और सार का अर्थ है तत्त्व/तात्पर्य/निष्कर्ष। अर्थात् सिद्धान्त/आगम-गत तत्त्वो का जिसमे निचोड हो, सार हो, वह समयसार है। ग्रन्थगत तात्त्विक प्रतिपादन से यह अर्थ भी सार्थक है।

समयसार की भाषा शौरसेनी प्राकृत है। 415 गाथाओ मे मुख्यत गाथा/आर्या छन्द का और कतिपय मे आर्या छन्द के भेदो

का प्रयोग देखने को मिलता है। ग्रन्थ मे मुख्यत' दस विभाग/ अधिकार हैं, जो निम्न हैं —

1 जीव, 2 जीवाजीव, 3 कर्तृ-कर्म, 4 पुण्य-पाप, 5. आस्रव, 6 सवर, 7. निर्जरा, 8 बन्ध, 9 मोक्ष और 10 विशुद्ध ज्ञान। इनमे से कर्तृ-कर्माधिकार और विशुद्ध ज्ञानाधिकार अलग करदें तो 8 अधिकारो मे जैन दर्शन मान्य नव तत्त्वो के स्वरूप का विशद विश्लेषण प्राप्त होता है। कर्तृ-कर्माधिकार मे आत्मा की स्वतन्त्रता और परतन्त्रता के कारणो पर व्यवहार और निश्चय की दृष्टि से मार्मिक वर्णन है और विशुद्ध ज्ञानाधिकार मे आत्मिक विशुद्ध ज्ञानादि गुणो की उपादेयता पर दार्शनिक एव अध्यात्मिक दृष्टि से विवेचन उपलब्ध है।

वस्तुत समयसार, दार्शनिक एव आध्यात्मिक दृष्टि से एक अनुपम ग्रन्थ है। आ कुन्दकुन्द अनेकान्तवाद के पक्षधर होने से उन्होने कही भी ऐकान्तिकता को न अपनाकर व्यवहार और निश्चय को, प्रयोजनवत्ता की सापेक्ष दृष्टि को आधार मानकर दोनो का सन्तुलन बनाये रखा है। अपेक्षा भेद से कही व्यवहार को प्रमुखता दी है, तो कही निश्चय को तथा कही दोनो ही का मत प्रस्तुत किया है।

चयनिका—डॉ सोगाणी मुक्ताओ का चयन/सग्रह कर सजाने/सम्पादन मे सिद्धहस्त हैं। समयसार की 415 गाथाओ में से केवल 160 गाथाओ का चयन कर, सवार कर इन्होने प्रस्तुत चयनिका सम्पादित की है। गाथाओ का अर्थ करने की और व्याकरणिक विश्लेषण की डॉ सोगाणीजी की अपनी स्वतन्त्र और विशिष्ट प्रक्रिया/शैली है। तदनुरूप ही इन्होने अपनी शैली मे विस्तृत प्रस्तावना के साथ यह चयनिका तैयार कर प्राकृत भारती को सहर्ष प्रकाशनार्थ प्रदान की है।

प्राकृत भारती इससे पूर्व डॉ सोगाणीजी की आचारांग चयनिका, दशवैकालिक चयनिका, उत्तराध्ययन चयनिका, अष्ट-पाहुड चयनिका आदि 8 पुस्तकें प्रकाशित कर चुकी है और कई चयनिकायें प्रकाशित करने वाली है।

डॉ कमलचन्दजी सोगाणी प्राकृत भाषा के अनन्य उपासक होने से इनका प्राकृत भारती के साथ प्रारम्भ से ही तादात्म्य सम्बन्ध रहा है। वर्तमान मे मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर के दर्शन विभाग के प्रोफेसर पद से 31 अगस्त, 88 को सेवा-निवृत्त होकर, जयपुर मे निवास कर रहे हैं और प्राकृत भारती की गतिविधियो मे सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

हमे आशा है पाठकगण इस चयनिका के माध्यम से आचार्य कुन्दकुन्द के दृष्टिकोण को सुगमता के साथ हृदयगम कर सकेंगे और प्राकृत भाषा के जानकार एव उसके उन्नयन मे सहभागी बन सकेंगे।

निदेशक
म. विनयसागर
प्राकृत भारती अकादमी
जयपुर

सचिव
देवेन्द्रराज मेहता

प्रस्तावना

यह सर्वविदित है कि मनुष्य अपनी प्रारम्भिक अवस्था से ही रगो को देखता है, ध्वनियो को सुनता है, स्पर्शों का अनुभव करता है, स्वादो को चखता है तथा गधो को ग्रहण करता है। इस तरह उसकी सभी इन्द्रियाँ सक्रिय होती है। वह जानता है कि उसके चारो ओर पहाड है, तालाब हैं, वृक्ष हैं, मकान है, मिट्टी के टीले हैं, पत्थर हैं इत्यादि। आकाश मे वह सूर्य, चन्द्रमा और तारो को देखता है। ये सभी वस्तुएँ उसके तथ्यात्मक जगत का निर्माण करती है। इस प्रकार वह विविध वस्तुओ के बीच अपने को पाता है। उन्ही वस्तुओ से वह भोजन, पानी, हवा आदि प्राप्त कर अपना जीवन चलाता है। उन वस्तुओ का उपयोग अपने लिये करने के कारण वह वस्तु-जगत का एक प्रकार से सम्राट बन जाता है। अपनी विविध इच्छाओ की तृप्ति भी बहुत सीमा तक वह वस्तु-जगत से ही कर लेता है। यह मनुष्य की चेतना का एक आयाम है।

धीरे-धीरे मनुष्य की चेतना एक नया मोड लेती है। मनुष्य समझने लगता है कि इस जगत मे उसके जैसे दूसरे मनुष्य भी है, जो उसकी तरह हँसते हैं, रोते हैं, सुखी-दुखी होते हैं। वे उसकी तरह विचारो, भावनाओ और क्रियाओ की अभिव्यक्ति करते हैं। चूँकि मनुष्य अपने चारो ओर की वस्तुओ का उपयोग अपने लिये करने का अभ्यस्त होता है, अत वह अपनी

इस प्रवृत्ति के वशीभूत होकर मनुष्यो का उपयोग भी अपनी आकाक्षाओ और आशाओ की पूर्ति के लिए ही करता है। वह चाहने लगता है कि सभी उसी के लिये जीएँ। उसकी निगाह मे दूसरे मनुष्य वस्तुओ से अधिक कुछ नही होते हैं। किन्तु उसकी यह प्रवृत्ति बहुत समय तक चल नही पाती है। इसका कारण स्पष्ट है। दूसरे मनुष्य भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति मे रत होते हैं। इसके फलस्वरूप उनमे शक्ति-वृद्धि की महत्त्वाकाक्षा का उदय होता है। जो मनुष्य शक्ति-वृद्धि मे सफल होता है, वह दूसरे मनुष्यो का वस्तुओ की तरह उपयोग करने मे समर्थ हो जाता है। पर मनुष्य की यह स्थिति घोर तनाव की स्थिति होती है। अधिकाश मनुष्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रो मे इस तनाव की स्थिति मे से गुजर चुके होते है। इसमे कोई सदेह नही कि यह तनाव लम्बे समय तक मनुष्य के लिए असहनीय होता है। इस असहनीय तनाव के साथ-साथ मनुष्य कभी न कभी दूसरे मनुष्यो का वस्तुओ की तरह उपयोग करने मे असफल हो जाता है। ये क्षण उसके पुनर्विचार के क्षण होते हैं। वह गहराई से मनुष्य-प्रकृति के विषय मे सोचना प्रारम्भ करता है, जिसके फलस्वरूप उसमे सहसा प्रत्येक मनुष्य के लिए सम्मान-भाव का उदय होता है। वह अब मनुष्य-मनुष्य की समानता और उसकी स्वतन्त्रता का पोषक बनने लगता है। वह अब उनका अपने लिए उपयोग करने के बजाय अपना उपयोग उनके लिये करना चाहता है। वह उनका शोषण करने के स्थान पर उनके विकास के लिये चिन्तन प्रारम्भ करता है। वह स्व-उदय के बजाय सर्वोदय का इच्छुक हो जाता है। वह सेवा लेने के स्थान पर सेवा करने को महत्त्व देने लगता है। उसकी यह प्रवृत्ति उसे तनाव-मुक्त कर देती है और वह एक प्रकार से विशिष्ट व्यक्ति बन जाता है। उसमे एक असाधारण

अनुभूति का जन्म होता है। इस अनुभूति को ही हम मूल्यो की अनुभूति कहते हैं। वह अब वस्तु-जगत मे जीते हुए भी मूल्य-जगत मे जीने लगता है। उसका मूल्य जगत मे जीना धीरे-धीरे गहराई की ओर बढता जाता है। वह अब मानव-मूल्यो की खोज मे सलग्न हो जाता है। वह मूल्यो के लिए ही जीता है और समाज मे उनकी अनुभूति बढे इसके लिये अपना जीवन समर्पित कर देता है। यह मनुष्य की चेतना का एक दूसरा आयाम है।

समयसार मे मुख्य रूप से सर्वोपरि आध्यात्मिक मूल्यो की सशक्त अभिव्यक्ति हुई है। इसका उद्देश्य समाज मे ऐसे

समयसार में 415 गाथाएँ हैं। इनमे से ही हमने 160 गाथाओ का चयन 'समयसार-चयनिका' के अन्तर्गत किया है। इसके रचयिता आचार्य कुन्दकुन्द हैं।

आचार्य कुन्दकुन्द दक्षिण के निवासी थे। इनका मूल स्थान कोण्डकुन्द था जो आध्रप्रदेश के अनन्तपुर जिले मे स्थित कोनकोण्डल है। इनका समय 1 ई पूर्व से लगाकर 528 ई पश्चात् तक माना गया है। डो ए एन उपाध्ये के अनुसार इनका समय ईस्वी सन् के प्रारम्भ मे रखा गया है। "I am inclined to believe, after this long survey of the available material, that Kundakunda's age lies at the beginning of the Christian era" (P 21 Introduction of Pravacanasara)

आचार्य कुन्दकुन्द के सभी ग्रन्थ (समयसार, प्रवचनसार, पञ्चास्तिकायसार, नियमसार, अष्टपाहुड आदि) अध्यात्म प्रधान शैली मे लिखे गये होने के कारण अध्यात्म-प्रेमी लोगो के लिए आकर्षण के केन्द्र रहे हैं।

व्यक्तियो का निर्माण करना है जो स्वचेतना की स्वतन्त्रता को जी सके। स्वचेतना की किंचित भी परतन्त्रता समयसार को मान्य नही है। चेतना की अतुलनीय गहराइयो मे व्यक्ति को लीन करना समयसार को इष्ट है। चेतन–अस्तित्व के गहनतम स्तरो को व्यक्ति छू सके और परतन्त्रता को त्यागने की प्रेरणा प्राप्त कर सके–यही समयसार का अपूर्व सदेश है। जन्म-जन्मो से व्यक्ति ने इन्द्रियो की परतन्त्रता को स्वीकार कर रखा है। इन्द्रिय-विषय ही सदैव उसे आकर्षित करते रहते हैं। इन्द्रिय-पुष्टि का जीवन ही उसे स्वाभाविक लगता है। बाह्य विषयो मे जकडा हुआ ही वह अपनी जीवन–यात्रा चलाता है। अपने अस्तित्व की स्वतन्त्रता का उसे कोई भान ही नही हो पाता है। विषयातीत अनुभव उसके लिए दुर्लभ रहता है। समयसार का कहना है कि चेतना की अद्वितीय स्वतन्त्रता, उसकी समतामयी स्थिति की गाथा व्यक्ति के लिए सुलभ नही है (1)। व्यक्ति इन्द्रिय-विषयो से इतना आत्मसात् किए हुए होता है कि विषयो की ही वार्ता उसको रुचिकर लगती है। वस्तुओ और व्यक्तियो से बधा हुआ ही वह जीता जाता है। चेतना को वस्तुओ और व्यक्तियो से बधना स्वाभाविक प्रतीत होता है। इस कारण व्यक्ति को चेतना बाह्य का ही आलिंगन करती रहती है और अपनी स्वतन्त्रता को खोकर मानसिक तनाव से ग्रस्त बनी रहती है। यही व्यक्ति की अज्ञान अवस्था है।

यहा यह ध्यान देने योग्य है कि समयसार व्यक्ति को अन्तर्मुखी बनाना चाहता है, जिससे वह चेतना/आत्मा को परतन्त्र बनानेवाले कारणो को समझ सके। सच तो यह है कि आत्मा की परतन्त्रता मानसिक तनाव मे ही अभिव्यक्त होती है। तनाव-मुक्ति आत्म–स्वतन्त्रता की अभिव्यक्ति है। समयसार का

शिक्षण है कि परतन्त्रता की लबी यात्रा यद्यपि व्यक्ति कर चुका है, फिर भी परतन्त्रता के विद्यमान कारण आत्मा की स्वतन्त्रता का हरण किंचित मात्र भी नही कर सकते हैं। स्वतन्त्रता आत्मा का स्वभाव है, परतन्त्रता कारणो के द्वारा थोपी हुई है। सच यह है कि इन कारणो को व्यक्ति इतना दृढता से पकडे हुए है कि परतन्त्रता स्वाभाविक प्रतीत होती है, किन्तु मानसिक तनाव की उत्पत्ति इस स्वाभाविकता के लिए चुनौती है। आत्मा की स्वतन्त्रता और मानसिक तनाव की उत्पत्ति एक दूसरे के विरोधी हैं। जहाँ आत्मा की स्वतन्त्रता है, वहाँ तनाव-मुक्ति है, वहाँ ही समतामय जीवन है। जहाँ आत्मा की परतन्त्रता है, वहाँ मानसिक तनाव है, वहाँ ही द्वन्द्वात्मक जीवन है। चेतन अस्तित्व (आत्मा) को स्वतन्त्र समझने की दृष्टि निश्चयनय है और उसको परतन्त्र मानने की दृष्टि व्यवहारनय है। जब आत्मा की (पर से) स्वतन्त्रता स्वाभाविक है, तो आत्मा की परतन्त्रता अस्वाभाविक है। इसीलिए कहा गया है कि निश्चयनय (शुद्धनय) वास्तविक है और व्यवहारनय अवास्तविक है (4)। ठीक ही है, जो दृष्टि स्वतन्त्रता का बोध कराये वह दृष्टि वास्तविक ही होगी और जो दृष्टि परतन्त्रता के आधार से निर्मित हो, वह अवास्तविक ही रहेगी। समयसार का कथन है कि जो दृष्टि आत्मा को स्थायी, अनुपम, कर्मों के बन्ध से रहित, रागादि से न छुआ हुआ, अन्य से अमिश्रित देखती है, वह निश्चयनयात्मक दृष्टि है (6, 7)। इतना होते हुए भी परतन्त्रता का जीवन जीनेवाले को व्यवहारनय के माध्यम से ही समझाया जा सकता है (১)। एक एक करके परतन्त्रता के कारणो का विश्लेषण अप्रत्यक्ष रूप से आत्मा की स्वतन्त्रता की यशोगाथा है। इसीलिए कहा गया है कि व्यवहारनय के

आश्रय के बिना स्वतन्त्रतारूपी सर्वोच्च सत्य की समझ सम्भव नही है (3)। जब व्यवहारनय यह कहता है कि चेतन आत्मा और पुद्गलात्मक देह अभिन्न हैं, तो उन दोनो को अभिन्न समझने के कारणो का और अभिन्नता से उत्पन्न परिणामो का विश्लेषण करने से व्यवहारनय की सीमाओ का ज्ञान व्यक्ति को हो जाता है। इन सीमाओ के ज्ञान से व्यक्ति आत्मा की स्वतन्त्रता की ओर देखने लगता है और उसमे निश्चय-दृष्टि उत्पन्न होती है तथा आत्मा और देह की भिन्नता का ज्ञान उदित होता है (13)। सीमित को सीमित समझने से असीमित की ओर प्रस्थान होता है। इसी प्रकार व्यवहार को व्यवहार समझने से निश्चय की ओर गमन होता है। व्यवहार द्वारा उपदिष्ट आत्मा और देह की एकता को जो यथार्थ मानता है, वह अज्ञानी है और जो उसे अयथार्थ मानता है, वही ज्ञानी है (10, 11, 12)। चूंकि देह पर है, इसलिए केवली (समतावान) के देह की स्तुति करना भी निश्चय-दृष्टि से उपयुक्त नही है। जो समतावान के आत्मानुभव की विशेषताओकी स्तुति करता है, वह ही निश्चयदृष्टि से स्तुति करता है (14) ठीक ही है, जैसे नगर का वर्णन कर देने से राजा का वर्णन नही होता है, वैसे ही देह की विशेषताओ की स्तुति कर लेने से शुद्ध आत्मारूपी राजा की स्तुति नही हो पाती है (15)। अत समयसार का शिक्षण है कि जैसे कोई भी धन का इच्छुक मनुष्य राजा को जानकर उस पर श्रद्धा करता है और तब उसका बडी सावधानीपूर्वक अनुसरण करता है, वैसे ही परम शान्ति के इच्छुक मनुष्य के द्वारा आत्मारूपी राजा समझा जाना चाहिए तथा श्रद्धा किया जाना चाहिए और फिर निस्सन्देह वह ही अनुसरण किया जाना चाहिए (8, 9)।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि निश्चयनय मे आत्मा मे पुद्गल के कोई भी गुण नही है। अत आत्मा रस-रहित, रूप-रहित, गंध-रहित, शब्द-रहित तथा अदृश्यमान है। उसका स्वभाव चेतना है। उसका ग्रहण बिना किसी चिन्ह के (केवल अनुभव से) होता है और उसका आकार अप्रतिपादित है (20, 21)। यदि व्यवहारनय से आत्मा मे पुद्गल के गुण कहे गहे हैं (26) तो यह समझा जाना चाहिए कि वर्णादि के साथ जीव (आत्मा) का सम्बन्ध दूध और जल के समान अस्थिर है। वे वर्णादि आत्मा मे स्थिररूप से बिल्कुल ही नही रहते हैं, क्योकि आत्मा तो ज्ञान-गुण से ओत-प्रोत होता है (23)। समयसार का कथन है कि जैसे मार्ग मे व्यक्ति को लूटा जाता हुआ देखकर सामान्य लोग कहते हैं कि यह मार्ग लूटा जाता है। किन्तु वास्तव मे कोई मार्ग लूटा नही जाता है, लूटा तो व्यक्ति जाता है (24), उसी प्रकार ससार मे व्यवहारनय के आश्रित लोग कहते हैं कि वर्णादि जीव के हैं (26), किन्तु वास्तव मे वे देह के गुण हैं, जीव के नही। मुक्त (स्वतन्त्रता को प्राप्त) जीवो मे किसी भी प्रकार के वर्णादि नही होते हैं (27)। यदि इन गुणो को निश्चय से जीव का माना जायेगा तो जीव और अजीव मे कोई भेद ही नही रहेगा (28)।

आत्मा और कर्म :

व्यक्ति जन्म-जन्मो से कर्मों को लिए हुए उत्पन्न होता है। ऐसी देह-युक्त आत्मा (व्यक्ति) मन, वचन और काय की क्रियायो मे सलग्न रहती है। जब व्यक्ति इनके माध्यम से क्रियाओ को करता है, तो वे सभी क्रियायें सवेगो से प्रेरित होकर ही उत्पन्न होती हैं। जैसे, क्रोध से प्रेरित होकर मन-वचन-काय की क्रियाएँ उत्पन्न होती हैं। इसी प्रकार दूसरे सवेगो (कषायो)

(मान, माया, लोभ करुणा आदि) से प्रेरित होकर क्रियाएँ हो सकती हैं। ये क्रियाएँ दूसरो को प्रभावित करें या न करें, किन्तु व्यक्ति को तो अवश्य ही प्रभावित कर देती हैं। व्यक्ति का व्यक्तित्व इनके प्रभाव से परिवर्तित होता दिखाई देता है। यह प्रभाव या परिवर्तन सस्कार के रूप मे व्यक्ति मे सचित होता चलता है। ये सचित सस्कार सवेग-जनित क्रियाओ को उत्पन्न करते हैं और फिर उनसे निर्मित सस्कार एकत्रित होते रहते हैं। ये सस्कार ही पुद्गलात्मक परमाणुओ के रूप मे आत्मा के साथ सलग्न हो जाते हैं। इन्हे ही कर्म कहा जाता है। ये कर्म ही जब विभिन्न कारणो से क्रियाशील होते हैं, तो मानसिक तनाव का कारण बन जाते हैं। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि सवेग-जनित क्रियाओ से ही व्यक्तित्व पर प्रभाव उत्पन्न होता है और यह प्रभाव ही सचित हो जाता है। इसे ही आश्रव और बध कहा जाता है। क्रियाओ के प्रभाव की उत्पत्ति और सचय क्रमश आश्रव और बध कहे जाते हैं।

यहाँ यह समझना चाहिए कि व्यक्ति जन्म-जन्मो मे कर्मों के आश्रव और बध के कारण ही परतन्त्रता का जीवन जीता चलता है। मानसिक तनाव इस परतत्रता की ही अभिव्यक्ति है। इतना होते हुए भी कर्म आत्मा के स्वतन्त्र स्वभाव को नष्ट नही कर सकते हैं। समयसार का कथन है कि जिस प्रकार मैल के घने सयोग से ढकी हुई वस्त्र की सफेद अवस्था अदृश्य हो जाती है, उसी प्रकार अज्ञानरूपी मैल से ढका हुआ ज्ञान अदृश्य हो जाता है (84)। इसी प्रकार मूर्च्छारूपी मैल से ढका हुआ सम्यक्त्व और कषायरूपी मैल से ढका हुआ स्वरूपाचरण चारित्र अदृश्य हो जाता है (83, 85)। निस्सन्देह कर्मों ने चेतना की स्वतन्त्रता को आच्छादित किया है (86), जिसके फलस्वरूप परतन्त्रता पनपी

है, किन्तु समयसार का शिक्षण है कि ये आश्रव (कर्म) यद्यपि आत्मा (जीव) से जुड़े हुए हैं, फिर भी ये अलग होने योग्य होते हैं ये अस्थिर हैं तथा स्थायी सहारे-रहित है (34)। साथ ही ये कर्म जो मानसिक तनाव उत्पन्न करते हैं स्वयं दुःख रूप होते हैं और दुःख को उत्पत्ति का कारण बनते हैं तथा दुःख-परिणामवाले रहते है (32,34)। ज्ञान का उदय होने पर व्यक्ति इनसे दूर होने के लिए तत्पर होता ही है (31,32)। अज्ञान की स्थिति मे व्यक्ति इन मानसिक तनाव उत्पन्न करनेवाले कर्मों से एकीकरण किया हुआ जीता है और मानसिक तनावो की परम्परा को जन्म देता रहता है और उसे आत्मा और कर्म (मानसिक तनाव) मे भेद नजर नही आता है, जिसके फलस्वरूप वह क्रोधादि कषायो से एकमेक रहकर दुःखी होता रहता है (29,30)। जिस क्षण व्यक्ति को यह ज्ञात हो जाता है कि उसकी चेतना अपने मूलरूप मे शुद्ध (स्वतन्त्र/तनाव-मुक्त) है, कषायरहित है, ज्ञान-दर्शन से ओतप्रोत है, उसी क्षण मे मानसिक तनाव विदा होने लगते हैं (33)।

यहाँ प्रश्न है कि आत्मा से कर्मों (मानसिक तनावो) के सयोग का क्या कारण है? यह बात सर्वविदित है कि व्यक्ति वस्तुओ और मनुष्यों/प्राणियो के मध्य रहता है। यदि हम जांच कर तो ज्ञात होगा कि प्रत्येक मानसिक तनाव के मूल मे कोई न कोई वस्तु या मनुष्य/प्राणी विद्यमान होता है। यदि क्रोध व्यक्ति के प्रति होता है तो लोभ वस्तु के प्रति होता है। इससे यह निष्कर्ष निकालना कि मनुष्यो/प्राणियो और वस्तुओ से कर्म-बन्धन होता है, अनुचित है। समयसार का कहना है कि निस्सन्देह वस्तु और मनुष्य/प्राणी को आश्रय करके कषाएँ उत्पन्न होती हैं, फिर भी वस्तु आदि से कर्म-बन्धन (मानसिक तनाव) नही होता है।

उसका वास्तविक, मूलभूत कारण वस्तु आदि के प्रति आसक्ति ही है (100, 135)। जैसे कोई व्यक्ति शरीर पर चिकनाई लगा कर धूल से भरे स्थान मे काय-चेष्टा मे सलग्न हो जाए तो उस मनुष्य के शरीर से धूल का सयोग चिकनाई के अस्तित्व के कारण होगा, केवल काय-चेष्टा से नही। इसी प्रकार वस्तुओ और मनुष्यो/प्राणियो के जगत मे उनके प्रति रागादि (आसक्ति) के कारण कर्म-धूल का सयोग व्यक्ति के होता है, वस्तुओ और मनुष्यो/प्राणियो के कारण नही (127 से 130)। व्यक्ति की आसक्ति रहित प्रवृत्ति से उसके कोई कर्म-बन्धन (मानसिक तनाव) नही होगा (131)। जब मानसिक तनाव उत्पन्न होता है, तो सामान्यतया यह कहा जाता है कि व्यक्ति ऐसी परिस्थितियो से अपने को अलग करले। किन्तु यहाँ यह समझना चाहिए कि इसमे मानसिक तनाव दब सकता है, दूर नही हो सकता है। निश्चय से तो मानसिक तनाव का कारण राग है, आसक्ति हैं, व्यक्ति और वस्तु नही। व्यवहार से व्यक्ति/प्राणी और वस्तु को मानसिक तनाव का कारण कह दिया जाता है। अत समयसार का शिक्षण है कि निश्चयनय के द्वारा व्यवहारनय स्वीकार नही किया जा सकता है, यद्यपि जगत मे मानसिक तनाव के लिए मनुष्यो/प्राणियो और वस्तुओ को ही जिम्मेदार माना जाता है। किन्तु समयसार हमारा ध्यान कर्म-बधन के वास्तविक कारण, आसक्ति की ओर आकर्षित करता है, क्योकि इसको दूर करने से ही शान्ति मिल सकती है। अतः निश्चयनय के आश्रित ज्ञानी ही (आसक्ति के मिटने से) परम शान्ति प्राप्त करते हैं (136)। सच तो यह है कि समयसार व्यक्तित्व को बदलने पर जोर देता हैं। यही मानसिक तनाव (कर्म-बन्धन) की समस्या का स्थायी हल है। मनुष्यो/प्राणियो और वस्तुओ मे बाह्य परिवर्तन सामाजिक दृष्टिकोण से

उपयोगी तो है, पर व्यक्ति की समस्या का वास्तविक समाधान नही है। अत व्यवहारनय उपयोगी होते हुए भी शनै शनै त्याज्य है। समयसार का शिक्षण है कि अज्ञानी (व्यवहारनय पर आश्रित) सब वस्तुओ मे आसक्त होता है, इसलिए कर्मरूपी रज से मलिन किया जाता है जिस प्रकार कीचड मे पडा हुआ लोहा मलिन किया जाता है। किन्तु ज्ञानी (निश्चयनय पर आश्रित) सब वस्तुओ मे राग (आसक्ति) का त्यागी होता है, इसलिए वह कर्मरूपीरज (मानसिक तनावरूपीरज) से मलिन नही किया जाता है, जिस प्रकार कनक कीचड मे पडा हुआ मलिन नही किया जाता है (113, 112)। ठीक ही है, जब तक चेतना की परतन्त्रता (मानसिक तनाव) का कारण आसक्ति समाप्त न हो, तब तक चेतना की स्वतन्त्रता (तनाव-मुक्ति) कैसे घटित हो सकती है?

अज्ञानी मनुष्य की दशा :

स्वचेतना (आत्मा) की स्वतन्त्रता का विस्मरण ही अज्ञान है। इस विस्मरण का कारण है कि जन्म-जन्मो से आत्मा ने कर्मो के साथ एकीकरण स्थापित कर रखा है। इस एकीकरण के कारण ही आत्मा आसक्ति-जन्य प्रवृतियो मे तल्लीन रहता है, जिसके कारण दुख-पूर्ण मानसिक तनावो से वह घिर जाता है और परतन्त्रता का जीवन जीता है। वह ससार मे अज्ञान के कारण विभिन्न प्रकार के चेतन-अचेतन द्रव्यों से एकीकरण स्थापित करता रहता है (10,11,12)। समयसार का कथन है कि पर द्रव्य को आत्मा में ग्रहण करता हुआ तथा आत्मा को भी पर द्रव्य मे रखता हुआ व्यक्ति अज्ञानमय (मूच्छित) होता है (46, 48)। चूंकि अज्ञानी अपनी क्रोधादि सवेगात्मक अवस्थाओं से एकीकरण कर लेता है, इसलिए उसके सभी भाव अज्ञानमय होते हैं (62, 64)। समयसार का कहना है कि जैसे कनकमय वस्तु से कुण्डल आदि वस्तुए

उत्पन्न होती हैं और लोहमय वस्तु से कडे आदि उत्पन्न होते हैं वैसे ही अज्ञानी के अनेक प्रकार के अज्ञानमय भाव ही उत्पन्न होते है (66)। अज्ञानी आत्म-स्वभाव को न जानता हुआ राग और आत्मा को एक ही मानता है (94)। वह कर्म के फल का सु ख-दु ख रूप से अनुभव करता है। चूंकि ज्ञानी के सभी भाव ज्ञानमय होते है. अत वह कर्म के फल का ज्ञाता-द्रष्टा होता है, उसे सुख-दु खरूत से अनुभव नही करता है (149, 151, 152)। वह ज्ञानी क्रोधादि सवेगो से, जो कर्म के कारण आत्मा मे उत्पन्न हुए हैं तथा कर्मों से उत्पन्न विभिन्न प्रकार के फलो से आत्मसात् नही करता है (35, 36, 37)। ज्ञानी कर्म के फल को अनासक्ति-पूर्वक ही भोगता है (99), किन्तु अज्ञानी आसक्तिपूर्वक कर्म के फल को भोगने के कारण कर्मों (मानसिक तनावो) के बोझ को बढाता रहता है।

आत्मा का कर्तृत्व : (ज्ञानी और अज्ञानी कर्ता)

मनुष्य विभिन्न प्रकार के सवेगो का अनुभव करता है। इस तरह उसमे काम, क्रोध, लाभ, ईर्ष्या, भय, दया, प्रेम, कृतज्ञता आदि सवेग क्रियाशील होते हैं। इन सवेगो के कारण ही पुद्गल-कर्म-परमाणु आत्मा से जुड जाते हैं और फिर ये कर्म-परमाण समय पाकर आत्मा को सवेगात्मक रूप मे परिवर्तित करते रहते हैं (39)। इसे अस्वीकार नही किया जा सकता है कि ये सभी सवेग मनुष्य मे मानसिक तनाव की उत्पत्ति करते हैं, जो मनुष्य मे दु ख का करण बनते हैं। यह स्थिति उस समय उत्पन्न होती है, जब व्यक्ति इन सवेगो से एकोकरण करके जीता है। अत यह उसकी अज्ञान अवस्था का ही द्योतक है। समयसार का कथन है कि अज्ञानी आत्मा ही इन सवेगो का कर्ता होता है, इसलिए वह

अज्ञानी कर्ता है (49, 61)। यह कर्तृत्व आत्मा की परतन्त्रता को बतानेवाला है। चूँकि ज्ञानी आत्मा की स्वतन्त्रता का पारखी होता है, इसलिए वह इन संवेगों में एकीकरण नहीं करता है और इनका ज्ञायक बना रहता है। यहां समयसार का कहना है कि ज्ञानी कषायों (संवेगों) को बिल्कुल नहीं करता है। वह उनका कर्ता नहीं है (41, 139)। पुद्गल-कर्म के द्वारा उत्पन्न किए हुए किसी भी संवेग (कषाय) का आत्मा कर्ता नहीं है (41)। ज्ञानी हर समय पर के आश्रयरहित होता है। वह स्वशासित रहता है तथा ज्ञायक सत्तामात्र बना रहता है (111)। ज्ञानी की यह विशेषता है कि वह दुःखात्मक कर्मों का उदय होने पर भी अपने ज्ञानीपन को नहीं छोड़ता है, जैसे आग में तपाया हुआ सोना अपने कनक-स्वभाव को नहीं छोड़ता है (93)। जैसे विष खा लेने पर भी कोई वैद्य विषनाशक प्रक्रिया अपनाने के कारण मरण को प्राप्त नहीं होता है, वैसे ही ज्ञानी पुद्गल-कर्म के उदय को अनासक्तिपूर्वक भोगने के कारण कर्मों में नहीं बांधा जाता है और मानसिक तनाव का शिकार नहीं होता है (99)।

अज्ञानी आत्मा अपने संवेगों के कारण पुद्गल-कर्मों से युक्त होता है (39)। इस तरह जैसे वह संवेगों का अज्ञानी कर्ता होता है, वैसे ही वह पुद्गल कर्मों का भी अज्ञानी कर्ता होता है और उन्हीं का भोक्ता भी होता है (43)। समयसार का कथन है कि व्यवहारनय के अनुसार आत्मा अनेक प्रकार के पुद्गल कर्मों को करता है तथा वह अनेक प्रकार के पुद्गल कर्म के फलों को ही भोगता है (43)। चूँकि व्यवहारनय चेतना की परतन्त्रता से निर्मित दृष्टि है, इसलिए अज्ञानी कर्ता व्यवहारनय के आश्रय से चलता है (53)। निश्चयनय के अनुसार आत्मा पुद्गल कर्मों को

उत्पन्न नही करता है (53)। चूँकि निश्चयदृष्टि चेतना की स्वतन्त्रता पर आश्रित दृष्टि है, इसलिए ज्ञानी कर्ता निश्चयनय के आश्रय से चलता है । जीव (आत्मा) के द्वारा कर्म किया गया है, ऐसा व्यवहार से कहा जाता है (57)। योद्धाओ द्वारा युद्ध किए जाने पर, राजा के द्वारा युद्ध किया गया हैं, इस प्रकार लोक कहता है। उसी प्रकार व्यवहार से कहा जाता है कि अज्ञानी आत्मा के द्वारा कर्म किया गया है (58) सच तो यह है कि आत्मा जिस भाव को अपने मे उत्पन्न करता है, उसका वह कर्ता होता है। ज्ञानी का यह भाव ज्ञानमय होता है और अज्ञानी का भाव अज्ञानमय होता है (61)। ज्ञानी शुद्ध भावो (अतीन्द्रिय ज्ञान, अतीन्द्रि सुख आदि) का कर्ता होता है और इसके विपरीत अज्ञानी अशुद्ध भावो (काम, क्रोध आदि) का कर्ता होता है । ज्ञानी ज्ञाता-द्रष्टा होता है (147, 148), इसलिए कर्मा के फल को व उनके बन्ध को जानने वाला होता है, सुख-दुखात्मक फल को भोगनेवाला नही होता है (151, 152)। अज्ञानी कर्मो के फल व उनके बंध के साथ एकीकरण कर लेता है, इसलिए सुख-दुखात्मक फल को भोगनेवाला होता है (43)।

यदि यह मान लिया जाए कि ज्ञानी अपने शुद्ध भावो का कर्ता व भोक्ता होने के साथ-साथ पुद्गल कर्म का भी कर्ता और भोक्ता होता है, तो ऐसा होने से ज्ञानी दो विरोधी क्रियाओ से युक्त हो जायेगा (44)। एक ओर तो हमे मानना होगा कि वह ज्ञानी स्व भावो का ही कर्ता और भोक्ता है,तथा दूसरी ओर मानना होगा कि वह ज्ञानी पर भावो का भी कर्ता और भोक्ता है। यह दोनो विरोधी क्रियाएँ सभव नही है। यदि हम यह मानते हैं कि ज्ञानी पर भावो का कर्ता व भोक्ता है, तो ज्ञानी को पर भावो से

तन्मय होना पडेगा, (51) क्योकि कर्ता होने की यह शर्त है कि उसे उस रूप परिवर्तित होना अनिवार्य है (51)। यह स्वीकार किया गया है कि स्वभाव विरुद्ध होने के कारण ज्ञानी कर्ता पुद्गल कर्मरूप या सवेग-जनित क्रियारूप परिवर्तित नही हो सकता है, अत वह उनका कर्ता नही हो सकता है (51)। कोई भी चेतन सत्ता पुद्गल कर्मरूप या पुद्गल कर्म से उत्पन्न भावरूप परिवर्तित नही हो सकती है। समयसार का कहना है कि पर द्रव्य को आत्मा मे ग्रहण न करता हुआ तथा आत्मा को भी पर द्रव्य मे न रखता हुआ मनुष्य ज्ञानमय होता है। वह कर्मों का अकर्ता है (47)। मनुष्य अज्ञान के कारण पर द्रव्यो को आत्मा मे ग्रहण करता है और आत्मा को भी पर द्रव्य मे रखता है। वह अज्ञानी कर्ता है (46, 49)। ज्ञानी कर्ता सब प्रकार के अज्ञानमय कर्तृत्व को छोड देता है (49)।

यहाँ यह समझना चाहिए कि जैसे अज्ञानी (परतन्त्र) व्यक्ति सवेग-जनित पुद्गल कर्मों का तथा कर्म-जनित सवेगो का कर्ता होता है, उसी प्रकार वह इस लोक मे विविध सवेगो से प्रेरित क्रियाओ का तथा घडा, कपडा, रथ आदि का कर्ता होता है (50)। वह कर्तृत्व के अहकार से ग्रसित होता है। इस कारण उसके मानसिक तनाव उत्पन्न होता है। यदि ज्ञानी (स्वतन्त्र) व्यक्ति घडा, कपडा आदि पर द्रव्यो को बनाए तथा विविध सवेग-जनित क्रियायो को करे, तो उसे उन रूप परिवर्तित होना पडेगा। यह असभव है। अत वह वास्तव मे उनका कर्ता नही हो सकता है(51)। इस तरह यहाँ कहा जा सकता है कि व्यवहार से आत्मा उनका कर्ता है, किन्तु निश्चय से नही (50)। ज्ञानी मे कर्तृत्व का अहकार नही होता है इसलिए उसमे मानसिक तनाव पैदा नही होता है। समाज की अपेक्षा ज्ञानी और अज्ञानी दोनो ही

वस्तुओ व क्रियाओ के कर्ता हैं। उन दोनो मे भेद अतरग की अपेक्षा से होता है। एक अहकारशून्य जीव है, तो दूसरा अहकारमयी। एक मानसिक तनाव से मुक्त है, तो दूसरा मानसिक तनाव से घिरा हुआ।

नैतिक दृष्टिकोण से भाव दो प्रकार के होते है शुभ भाव और अशुभ भाव। गुणियो मे अनुराग, दु खियो के प्रति करुणा आदि शुभ भाव हैं। अहकार, कुटिलता आदि अशुभ भाव हैं। अज्ञानी व्यक्ति इन दोनो भावो से एकीकरण कर लेता है और परतन्त्र बन जाता है। अज्ञानी इन दोनो भावो का कर्ता व भोक्ता होता है (54)। इनमे वह रूपान्तरित होकर मानसिक तनाव का जनक होता है। ज्ञानी शुद्ध भावो (अतीन्द्रिय सुख, ज्ञान आदि) का कर्ता होता है। वह मासिक तनाव से मुक्त होता है। वह शुभ अशुभ भावो का ज्ञाता-द्रष्टा होता है। ज्ञाता-द्रष्टा होने से ज्ञानी कर्ता का इनसे एकीकरण नष्ट हो जाता है और उसके मानसिक तनाव बिदा हो जाते हैं।

स्वतन्त्रता का स्मरण सम्यग्दर्शन .

ऊपर बताया जा चुका है कि जब व्यक्ति परतन्त्रता का जीवन जीता है, तब वह पर भावो तथा पर द्रव्यो मे एकीकरण कर लेता है। इस एकीकरण के कारण उसमे वस्तुओ व व्यक्तियो के प्रति आसक्ति उत्पन्न होती है और उनके विषय मे आसक्तिपूर्ण चिन्तन की धारा उसमे प्रवाहित होने लगती है। इस आसक्ति से ही उसमे काम, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, कुटिलता आदि उत्पन्न होते हैं जिनके फलस्वरूप वह मानसिक तनाव से ग्रस्त रहता है। वह (परतन्त्र) व्यक्ति कर्मो का कर्ता, उनसे उत्पन्न कषायो (सवेगो) का कर्ता, वस्तुओ का कर्ता तथा शुभ-अशुभ भावो का कर्ता अपने

का मानने के कारण सुख-दुःखात्मक परिणामो को भोगनेवाला होता है। इस तरह से वह द्वन्द्वात्मक जीवन जीता है और मानसिक तनाव मे फँस जाता है। अज्ञानी का कर्तृत्व परतन्त्रता का पोषक होता है। व्यवहारनय परतन्त्रता से उत्पन्न दृष्टि का सूचक है। वह परतन्त्र दृष्टि का द्योतक है। चूँकि परतन्त्र दृष्टि वास्तविकता का बोध करानेवाली नही हो सकती है इसलिए व्यवहारनय अवास्तविकता का ही बोध कराता है। इस कारण से वह अवास्तविक है, असत्य है, अशाश्वत है। जो व्यवहारनय का आश्रय लेता है, वह अज्ञानी है, मिथ्यादृष्टि है, मूर्च्छित है। अज्ञानी का एक मात्र लक्षण यह है कि उसे स्वचेतना की स्वतन्त्रता का विस्मरण हो जाता है। मूर्च्छारूपी मैल उस पर छा जाता है और स्वतन्त्रता अदृश्य हो जाती है, ठीक उसी प्रकार जैसे मैल से वस्त्र की सफेद अवस्था अदृश्य हो जाती है (83)। परतन्त्रता-रहित अवस्था ही वास्तविकता है। यही स्वतन्त्रता की अभिव्यक्ति है। निश्चयनय स्वतन्त्रता से प्राप्त दृष्टि का सूचक है। यह ही वास्तविकता का बोध कराता है। इसलिए यह वास्तविक है, सत्य है और शाश्वत है। जो वास्तविकता का आश्रय लेता है, वह ज्ञानी है, सम्यग्दृष्टि है, और जागृत है (4)। ज्ञानी को, सम्यग्दृष्टि को स्वचेतना की स्वतन्त्रता का स्मरण हो जाता है। स्वतन्त्रता का स्मरण ही सम्यग्दर्शन है। सम्यग्दृष्टि को शुद्ध आत्मा पर श्रद्धा हो जाती है, उसके स्वतन्त्र स्वभाव पर श्रद्धा हो जाती है (81)। सम्यग्दृष्टि आत्मा को और उसके ज्ञायक स्वभाव को जानता है (102)। वह आत्मा और अनात्मा मे भेद करने लगता है (104)। सम्यग्दृष्टि प्रज्ञावान होता है। समयसार का कथन है कि यह आत्मा प्रज्ञा के द्वारा ही ग्रहण की जाती है। वह आत्मा निश्चय से 'मैं' हूँ (146)। जो द्रष्टा-भाव और ज्ञाता-

भाव है, वही 'मैं' हूँ (147, 148)। जो शेप भाव है, वे मुझ से भिन्न है (147, 148)। इस तरह से स्वचेतना की स्वतन्त्रता का स्मरण होते ही व्यक्ति मे ज्ञाता-द्रष्टा भाव का उदय हो जाता है, उसकी प्रज्ञा जागृत हो जाती है, उसकी शुद्ध आत्मा पर दृष्टि लग जाती है और वह व्यक्ति निश्चय पर आश्रित हो जाता है।

यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि स्वचेतना की स्वतन्त्रता का स्मरण होने से, ज्ञाता-द्रष्टा भाव का उदय होने से, प्रज्ञा के जागृत होने से, शुद्ध आत्मा पर श्रद्धा होने से, निश्चयनय पर आश्रित होने से सम्यग्दृष्टि मे निम्नलिखित विशेषताएँ पैदा हो जाती है (1) सम्यग्दृष्टि की आत्मा मे श्रद्धा होती है, इसलिए उसको स्वचेतना की स्वतन्त्रता मे कोई शका नही होती है। इस कारण से वह निर्भय हो जाता है। (1) सातो[1] प्रकार के भय उसके जीवन से निकल जाते हैं (118)। (2) वह किसी भी शुभ क्रिया से फल-प्राप्ति की चाहना नही करता हैं तथा उससे उत्पन्न कर्म-फल को भी नही चाहता है (119)। (3) वह जीवन मे किसी भी सेवा-कार्य के प्रति घृणा नही करता है (120)। (4) वह सभी (तथाकथित) शुभ कार्यो मे मूढतारहित होता है। उनके प्रति उचित दृष्टिकोण अपनाता है। समाज मे शुभ समझे जाने वाले वहुत से कार्य मूर्खतापूर्ण हो सकते हैं। उनको करने का कोई सवल तार्किक आधार नही होता है। सम्यग्दृष्टि ऐसे कार्यो को त्याग देता है और तार्किक दृष्टि अपनाता है (121)। (5) वह शुद्धात्मा की भक्ति से युक्त होता है। वह दूसरो की भलाई के कार्यो को गुप्त रखता है। उनको उजागर करके वह

1 सात भय लोक-भय, परलोक-भय, अरक्षा-भय, अगुप्ति-भय, (सयल हीन होने का भय), मृत्यु-भय, वेदना-भय और अकस्मात-भय।

दूसरो को लघुता का अनुभव कभी नही कराता है (122)। (6) वह यदि कषायो के दबाव से सद्मार्ग से विचलित हो जाता है, तो भी अपने को पुन सद्मार्ग मे स्थापित कर लेता है (123)। (7) वह परम शान्ति के मार्ग मे स्थित साधुओ के प्रति वात्सल्यता प्रकट करता है। (8) वह समतादर्शी द्वारा प्रतिपादित ज्ञान की महिमा का प्रसार करता है (124)। इस प्रसार के लिए नैतिक-आध्यात्मिक मूल्यो का जीवन जीता है। समयसार का कथन है कि वह विद्या (अध्यात्म-ज्ञान) रूपी रथ पर बैठा हुआ सकल्परूपी नायक के द्वारा विभिन्न स्थानो पर भ्रमण करता है (125)।

व्यक्ति के जीवन मे सम्यग्दर्शन का उदय एक सारगर्भित घटना है। इससे उसके व्यक्तित्व मे आमूल-चूल आन्तरिक परिवर्तन हो जाता है। उसे स्वचेतना की स्वतन्त्र अवस्था और और परतन्त्र अवस्था मे मौलिक भेद समझ मे आ जाता है। वह अब स्वतन्त्रता के मार्गदर्शन मे जीने की कला विकसित कर लेता है उसमे यह ज्ञान विकसित हो जाता है कि शुद्ध ज्ञानात्मक चेतना मे क्रोधादि कषाएँ नही रहती हैं (91)। कर्मों के अनेक फल उसके स्वभाव नही है। वह तो ज्ञायक सत्ता है (101)। वह जीवन मे लोकोपयोगी सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक क्रियाओ मे प्रवृत्ति करता हुआ उनमे रागादि(आसक्ति) से मुक्त रहता है, इसलिए मानसिक तनाव से मलिन नही किया जाता है(131)। वह स्वतन्त्र आत्मा और परतन्त्रता से उत्पन्न कर्मों (मानसिक तनावो) का भेद समझ लेता है (31)। अत वह नये कर्मों (मानसिक तनावो) को नियन्त्रित कर लेता है (90)। वह कर्मो के फलो को ज्ञाता-द्रष्टा भाव से भोगता है। वह वस्तुओ को उपयोग मे लाते हुए भी उन पर आश्रित नही होता

है, क्योंकि वह अनासक्ति का जीवन जीता है (100)। उसे इन्द्रिय-विषयो मे बिल्कुल ही राग नही होता (158)।

स्वतन्त्रता की साधना

स्व चेतना की स्वतन्त्रता का स्मरण होने के पश्चात् सम्यग्दृष्टि के जीवन मे एक ऐसे ज्ञान का उदय होता है जो उसे चारित्र की साधना करने के लिए प्रेरित करता है। चारित्र की साधना के महत्व को समझाते हुए समयसार का कथन है कि जिस व्यक्ति मे रागादि भावो (मानसिक तनाव) का अश मात्र भी विद्यमान है,वह आगम का धारक होते हुए भी स्वतन्त्रता के महत्व को पूरी तरह नही समझा है(103)। जो व्यक्ति शुद्धात्मा (स्वतन्त्रता) पर निर्भर नही है, किन्तु यदि वह बाह्य तप और व्रत धारण करता है, तो भी वह अबोध तप और अबोध व्रत ही कर रहा है (78)। व्रतो और नयमो को धारण करते हुए तथा शील और तप का पालन करते हुए जो व्यक्ति शुद्ध आत्म-तत्व से अपरिचित है वे परम शान्ति को प्राप्त नही करते है। कुछ परतन्त्रतावादी व्यक्ति ऐसे होते हैं कि यदि वे आगम ग्रन्थो का अध्ययन भी करते है तो बौद्धिक ज्ञान को चाहे वे प्राप्त करले, पर आत्मज्ञानरूपी फल को वे उत्पन्न नही कर पाते है(137)। वे परतन्त्रतावादी अपने अज्ञान-स्वभाव को नही छोडते है, जैसे सर्प गुडसहित दूध को पीते हुए भी विषरहित नही होता है (150)। अत. कर्मो (मानसिक तनावो) से छुटकारा पाने के लिए आत्मा के ज्ञायक स्वभाव का ज्ञान, आत्मा की स्वतन्त्रता का ज्ञान या जीव-अजीव के भेद का ज्ञान ग्रहण किया जाना चाहिए (104, 105, 102)। समयसार का शिक्षण है कि यदि व्यक्ति इसमे ही सदा सलग्न रहे, इससे सदा सतुष्ट हो, इससे ही तृप्त हो, तो उसे उत्तम सुख प्राप्त हो जायेगा (106)। ज्ञान और चारित्र के महत्व को समझाते हुए

समयसार का कहना है कि प्रज्ञा(ज्ञान+चारित्र) के द्वारा ही आत्मा (स्वतन्त्रता) का अनुभव किया जाना चाहिए (145)। प्रज्ञा के द्वारा जीव तथा कर्म-बन्धन को विभक्त करने के कारण ही वे दोनो अलग अलग हो जाते हैं (143)। इस प्रज्ञा के द्वारा जो ग्रहण किए जाने योग्य है, वह आत्मा (स्वतन्त्रता) निश्चय से 'मैं' हूँ। जो अवशिष्ट वस्तुएँ है, वे मेरे से भिन्न है (146)। ज्ञाता-द्रष्टा भाव और (वास्तविक) 'मैं' अभिन्न हैं (147, 148)। इसे प्रज्ञा (ज्ञान+चारित्र) के द्वारा ग्रहण किया जाना चाहिए (147)।

यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि समयसार के अनुसार स्वतन्त्रता की साधना का अर्थ है आन्तरिक विकासोन्मुख आध्यात्मिक परिवर्तन। समयसार का यह विश्वास प्रतीत होता है कि व्यक्ति विभिन्न सामाजिक कारणो से प्रेरित होकर वाह्य साधना तो आसानी से कर लेता है, पर आन्तरिक साधना जो एक अकेली यात्रा है, व्यक्ति कठिनाई से कर पाता है। केवल वाह्य साधना से सामाजिक सतुष्टि तो होती है, पर आध्यात्मिक आन्तरिक विकास नही हो पता है। इस कारण व्यक्ति लम्बे समय तक वाह्य साधना करने के पश्चात् भी अपनी जीवन पद्धति को नही बदल पाता है। अत कहा जा सकता है कि शुद्ध आत्मा की ओर दृष्टि हुए विना नियम, व्रत आदि का पालन सामाजिक दृष्टिकोण से उपयोगी होते हुए भी व्यक्ति के लिए व्यर्थ ही सिद्ध होता है। ऐसा होने से व्यक्ति के मानसिक तनाव कम होने के स्थान पर वढ जाते है। वे योगी जो परमार्थ (आध्यात्मिक आन्तरिक परिवर्तन) का अभ्यास करते है, वे ही मानसिक तनावो का क्षय कर पाते हैं (82)। जो लोग निश्चय (आध्यात्मिक आन्तरिक परिवर्तन) की सार्थकता को छोड़ कर व्यवहार (केवल वाह्य तप आदि) मे प्रवृत्ति करते हैं, वे मानसिक तनावो को नष्ट

नही कर पाते हैं। इस तरह से वे लोग स्वतन्त्रता की साधना के स्थान पर परतन्त्रता की साधना करने लग जाते हैं। अत कहा जा सकता है कि स्वतन्त्रता की साधना व्यक्तित्व का आध्यात्मिक आन्तरिक परिवर्तन है।

यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि कर्म-बन्धन (परतन्त्रता/मानसिक तनाव) के विषय मे चिन्ता करने से कर्म-बन्धन (मानसिक तनाव) नष्ट नही होता है (140)। चिन्ता व्याकुलता को जन्म देती है, इस कारण व्यक्ति अपने उद्देश्य की प्राप्ति मे सफल नही हो पाता है। जो कर्म-बन्धन से उदासीन हो जाता है, जो वस्तुओ मे आसक्ति को त्यागता है, वही उससे छुटकारा पाता है और परम शान्ति प्राप्त करता है (141, 142)। साधना मे पाप (अशुभ क्रिया) का त्याग अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हिंसक क्रिया के त्याग के साथ हिंसा के विचार का त्याग आवश्यक है। समयसार का शिक्षण है कि व्यक्ति प्राणियो की हिंसा कर पावे अथवा उनकी हिंसा न भी कर पावे, तो भी उसके हिंसा के विचार से ही कर्म-बंध होता है। निश्चयनय के अनुसार यह व्यक्तियो के कर्म-बंध के कारण का संक्षेप है (133)। इसी प्रकार असत्य, चोरी, अब्रह्मचर्य, परिग्रह के आसक्तिपूर्ण विचार को त्यागना ही विकास की ओर जाना है (132)। बाह्य पापपूर्ण क्रियाओ का त्याग समाज के लिए तो उपयोगी है,पर आन्तरिक त्याग के बिना व्यक्ति का विकास नही होता है। पाप (अशुभ क्रिया) के बीज का नाश ही व्यक्ति व समाज मे स्थायी परिवर्तन ला सकता है। अहिंसा, सत्य, अचौर्य, अपरिग्रह आदि का विचार पुण्य लाता है (134)। पुण्य शुभ क्रिया का ग्रहण है। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि बहुत से व्यक्ति पुण्य (शुभ-क्रिया) मे ही अटक जाते हैं।

यह पुण्य (शुभ-क्रिया) समाजको तो व्यवस्थित करता है, किन्तु इसकी उपस्थिति मे व्यक्ति मानसिक तनाव से ग्रसित रहता है।[1] अत जो क्रिया मानसिक तनाव मे प्रवेश कराती है वह उपयुक्त कैसे कही जा सकती है ? इस तरह से जैसे पाप (अशुभ क्रिया) कर्म-बध (मानमिक तनाव), वैसे ही पुण्य(शुभ क्रिया) भी कर्म-बध (मानसिक तनाव) का कारण है। ये दोनो ही व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास मे वाधक है। समयसार का शिक्षण है कि जैसे काले लोहे से वनी हुई वेडी व्यक्ति को वांधती है और सोने की वेडी भी व्यक्ति को वाधती है, उसी प्रकार व्यक्ति द्वारा की हुई शुभ-अशुभ (मानसिक तनावात्मक) क्रिया भी उसको परतन्त्र बनाती है(72)। अत समयसार का शिक्षण है कि व्यक्ति मानसिक तनाव उत्पन्न करनेवाले दोनो कुशीलो (शुभ-अशुभ क्रियाओ) के साथ बिल्कुल राग/आसक्ति न करे, उनके साथ सम्पर्क भी न रखे, क्योकि आत्मा का स्वतन्त्र स्वभाव कुशीलो के साथ सम्पर्क और उनके साथ राग से व्यर्थ हो जाता है (73)। जैसे कोई व्यक्ति निन्दित आचरणवाले मनुष्य को जानकर उसके साथ ससर्ग को और राग करने को छोड देता है, वैसे ही पाप-पुण्य की, शुभ-अशुभ क्रियाओ की आध्यात्मिक रूप से निन्दित प्रकृति को जानकर स्वभाव मे लीन व्यक्ति उनके साथ सवध छोड देते हैं और उनके साथ राग/आसक्ति को तज देते है (74, 75)। किन्तु जो व्यक्ति शुद्ध आत्मा (स्वतन्त्रता) से अपरिचित हैं, वे ही पुण्य (शुभ क्रिया) मे आसक्त रहते हैं (80)। अष्टपाहुड-चयनिका की प्रस्तावना मे लेखक द्वारा यह स्पष्ट किया जा चुका है कि शुभ भावो से प्रेरित शुभ-क्रियाओ से समाज आगे बढता है, किन्तु व्यक्ति मानसिक तनाव से दु खी रहता है। समयसार परतन्त्रता/मानसिक तनाव को

---

1 विस्तार के लिए देखें, अष्टपाहुड-चयनिका की प्रस्तावना।

समाप्त करने की बात कहता है, जिससे शुद्ध क्रियाएँ (शुभ क्रिया-मानसिक तनाव) की जा सकें। मानसिक तनावरहित शुभक्रियाएँ (शुद्ध क्रियाएँ) व्यक्ति व समाज दोनों के लिए हितकर हैं।

यहाँ यह समझना चाहिए कि स्वतन्त्रता की साधना में इच्छाओं का त्याग महत्वपूर्ण है। इच्छाओं के कारण व्यक्ति वस्तुओं को आसक्तिपूर्वक अपनाता है, शुभ-अशुभ क्रियाओं को भी आसक्तिपूर्वक करता है। इच्छारहित व्यक्ति आसक्तिरहित होता है। अत वह शुभ क्रियाओं तथा अशुभ क्रियाओं को नही चाहता है। वह उनका ज्ञायक होता है (103, 110)। यदि उसकी कोई जीवनोपयोगी वस्तु किसी के द्वारा छिन्न-भिन्न करदी जाती है तोड दी जाती है, अथवा ले जाई जाती है अथवा वह सर्वनाश को प्राप्त हो जाती है या किसी कारण से दूर चली जाती है, तो भी उसे मानसिक तनाव नही होता है, क्योंकि उसकी वस्तु मे आसक्ति नही है (108)। स्वतन्त्रता का साधक सदैव पर वस्तु के आश्रय-रहित होता है। वह स्वशासित रहता है, तथा ज्ञायक सत्ता मात्र बना रहता है (111)।

यहाँ प्रश्न है साधना मे वेष का क्या महत्व है ? इसके उत्तर मे कहा जा सकता है कि वेष निश्चय ही परम शान्ति का मार्ग नही है (155)। लोक मे नाना प्रकार के साधुओं के वेष और गृहस्थोके वेष प्रचलित हैं। मूढ व्यक्ति किसी विशेष वेष को ही परम शान्ति/स्वतन्त्रता का मार्ग बताता है (154), किन्तु कोई भी वेष परमशान्ति/स्वतन्त्रता का मार्ग नही हो सकता है (156)। इसलिए समयसार का शिक्षण है कि गृहस्थो और साधुओ के द्वारा धारण किए हुए वेषो की बात को त्यागकर व्यक्ति को सम्यग्दर्शन (स्वतन्त्रता का स्मरण), सम्यक्ज्ञान (स्वतन्त्रता का ज्ञान) और

सम्यक्चारित्र (स्वतन्त्रता मे रमण) की आराधना करनी चाहिए (155, 157)। दूसरे शब्दो मे, वेप के आग्रह को त्यागकर व्यक्ति मोक्ष (स्वतन्त्रता) के पथ मे आत्मा को स्थापित करे, उसका ही ध्यान करे, उसका ही अनुभव करे और वहाँ ही सदा रहे (158)। जो लोग वहुत प्रकार के साधु-वेपो मे तथा गृहस्थ-वेषो मे ममत्व करते हैं, वे समयसार (आत्मानुभव/स्वतन्त्रता क अनुभव) से अनभिज्ञ है (159)। समयसार का शिक्षण है कि व्यवहारनय दोनो ही वेषो को स्वतन्त्रता की साधना मे उपयुक्त मानता है, किन्तु निश्चयनय किसी भी वेप को स्वतन्त्रता की साधना मे स्वीकृति प्रदान नही करता है (160)।

पूर्णता का अनुभव

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि समयसार निश्चयनय और व्यवहारनय से विपय का प्रतिपादन करता है। निश्चयनय चेतना की स्वतन्त्रता से उत्पन्न दृष्टि है, और व्यवहारनय चेतना की परतन्त्रता से उत्पन्न दृष्टि है। ये दोनो ही वौद्धिक दृष्टियाँ हैं। किन्तु पूर्णता का अनुभव नयातीत है (60, 70)। वह बुद्धि से परे है। इसी अनुभव को हम जव दूसरो तक पहुँचाने का प्रयास करते हैं, तो नयो का सहारा लेना पडता है। इसके अलावा हमारे पास कोई रास्ता भी तो नही है। इस रास्ते पर चलने से अनुभव की समग्रता खो जाती है, और वह खण्ड-खण्ड रूप मे सामाजिक बन जाती है। सच तो यह है कि आत्मा (स्वतन्त्रता) मे स्थिर व्यक्ति दोनो नयो के कथनो को केवल जानता है। वह थोडी भी नयदृष्टि को ग्रहण नही करता है (69)। निस्सन्देह बुद्धि महत्वपूर्ण होती है, पर उसका महत्व सीमित रहता है। अनुभव के समक्ष वह निस्तेज वन जाती है। नयात्मक दृष्टि बुद्धि का कौशल है।

किन्तु पूर्णता का अनुभवी व्यक्ति बुद्धि के चातुर्य को त्यागकर अनुभव की सीढी पर चढ जाता है। यहाँ ही आत्मानुभव की अखण्डता, अनन्तता और द्वन्द्वातीतता प्रकट होती है।

समयसार चयनिका के उपर्युक्त विषय-विवेचन से स्पष्ट है कि समयसार मे जीवन के आध्यात्मिक पक्ष की सूक्ष्म अभिव्यक्ति हुई है। इसी विशेषता से प्रभावित होकर यह चयन (समयसार-चयनिका) पाठको के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। गाथाओ के हिन्दी अनुवाद को मूलानुगामी बनाने का प्रयास किया गया है। यह दृष्टि रही है कि अनुवाद पढने से ही शब्दो की विभक्तियां एव उनके अर्थ समझ मे आ जाएँ। अनुवाद को प्रवाहमय बनाने की भी इच्छा रही है। कहाँ तक सफलता मिली है इसको तो पाठक ही बता सकेंगे। अनुवाद के अतिरिक्त गाथाओ का व्याकरणिक विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया है। इस विश्लेषण मे जिन सकेतो का प्रयोग किया गया है, उनको सकेत सूची मे देखकर समझा जा सकता है। यह आशा की जाती है कि चयनिका के अध्ययन से प्राकृत को व्यवस्थित रूप मे सीखने मे सहायता मिलेगी तथा व्याकरण के विभिन्न नियम सहज मे ही सीखे जा सकेंगे। यह सर्वविदित है कि किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण का ज्ञान अत्यावश्यक है। प्रस्तुत गाथाएँ एव उनके व्याकरणिक विश्लेषण से व्याकरण के साथ-साथ शब्दो के प्रयोग भी सीखने में मदद मिलेगी। शब्दों की व्याकरण और उनका अर्थपूर्ण प्रयोग दोनो ही भाषा सीखने के आधार होते हैं। अनुवाद एवं व्याकरणिक विश्लेषण जैसा भी बन पाया है पाठको के समक्ष हैं। पाठको के सुझाव मेरे लिए बहुत ही काम के होगे।

आभार ·

समयसार-चयनिका के लिए श्री बलभद्र जैन द्वारा सपादित समयसार के संस्करण का उपयोग किया गया है। इसके लिए श्री वलभद्र जैन के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हू। समयसार का यह सस्करण श्री कुन्दकुन्द भारती, दिल्ली से सन् 1978 मे प्रकाशित हुआ है।

मेरे विद्यार्थी डॉ. श्यामराव व्यास, सहायक प्रोफेसर, दर्शन-विभाग, सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर का आभारी हूँ, जिन्होने इस पुस्तक के अनुवाद एव इसकी प्रस्तावना को पढकर उपयोगी सुझाव दिए। डॉ हुकमचन्द जैन (जैन विद्या एव प्राकृत विभाग, सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर) डॉ सुभाष कोठारी तथा श्री सुरेश सिसोदिया (आगम, अहिंसा-समता एव प्राकृत सस्थान, उदयपुर) के सहयोग के लिए भी आभारी हूँ।

मेरी धर्म-पत्नी श्रीमती कमला देवी सोगाणी ने इस पुस्तक की गाथाओ का मूल-ग्रन्थ से सहर्ष मिलान किया है तथा प्रूफ-सशोधन का कार्य रुचिपूर्वक किया है, अत मैं अपना आभार प्रकट करता हूँ।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर के सचिव श्री देवेन्द्रराज जी मेहता तथा सयुक्त सचिव एव निदेशक महोपाध्याय श्री विनयसागर जी ने जो व्यवस्था की है, उसके लिए उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

कमलचन्द सोगाणी

एच-7, चितरजन मार्ग,
'सी' स्कीम, जयपुर-302001 (राज)

समयसार - चयनिका

समयसार – चयनिका

1 सुदपरिचिदाणुभूदा सव्वस्स वि कामभोगबंधकहा ।
एयत्तस्सुवलंभो णवरि ण सुलहो विहत्तस्स ॥

2 तं एयत्तविहत्तं दाएह अप्पणो सविहवेण ।
जदि दाएज्ज पमाणं चुक्केज्ज छलं ण घेत्तव्वं ॥

3 जह ण वि सक्कमणज्जो अणज्जभासं विणा दु गाहेदुं ।
तह ववहारेण विणा परमत्थुवदेसणमसक्कं ॥

4 ववहारोऽभूदत्थो भूदत्थो देसिदो दु सुद्धणओ ।
भूदत्थमस्सिदो खलु सम्मादिट्ठी हवदि जीवो ॥

समयसार–चयनिका

1 काम–भोग (सासारिक विपमता) के निरुपरण की कथा सब (मनुष्यो) के द्वारा निश्चय ही सुनी हुई (है), जानी हुई (है). (तथा) अनुभव की हुई (है), (किन्तु) केवल समतामयी अद्वितीयता का अनुभव ही सुलभ नही (हुआ है) ।

2 उस समतामयी अद्वितीयता को निज की स्व शक्ति से (मैं) प्रस्तुत करूँगा । यदि प्रस्तुत कर सकूँ, तो (वह) यथार्थ ज्ञान (होगा) (और) (यदि) चूक जाऊँ तो (समझना कि) अयथार्थता ग्रहण किये जाने योग्य नही (होती है) ।

3 जैसे अनार्य (व्यक्ति) अनार्य भाषा के विना पढने के लिए कभी समर्थ नही हुआ है, वैसे ही व्यवहार के विना परमार्थ (सर्वोच्च सत्य) का कथन सभव नही हुआ है ।

4. (जीवन मे महत्वपूर्ण होते हुए भी) व्यवहारनय अवास्तविक है (और) (अध्यात्म मार्ग मे) शुद्धनय ही वास्तविक कहा गया (है) । वास्तविकता पर आश्रित जीव ही सम्यग्दृष्टि होता है ।

5 सुद्धो सुद्धादेसो णादव्वो परमभावदरिसीहिं ।
ववहारदेसिदा पुण जे दु अपरमे ठिदा भावे ॥

6 जो पस्सदि अप्पाण अबद्धपुट्ठ अणण्णयं णियदं ।
अविसेसमसजुत्त त सुद्धणय वियाणाहि ॥

7 जो पस्सदि अप्पाण, अबद्धपुट्ठ अणण्णमविसेस ।
अपदेससुत्तमज्झ, पस्सदि जिणसासण सव्वं ॥

8 जह णाम को वि पुरिसो रायाण जाणिदूण सद्दहदि ।
तो त अणुचरदि पुणो अत्थत्थीओ पयत्तेण ॥

9 एव हि जीवराया णादव्वो तह य सद्दहेदव्वो ।
अणुचरिदव्वो य पुणो सो चेव दु मोक्खकामेण ॥

10 अहमेद एदमह अहमेदस्सेव होमि मम एद ।
अण्णं ज परदव्व सच्चित्ताचित्तमिस्स वा ॥

5 शुद्ध (आत्मा) का निरूपण शुद्धनय है, (जो) परम स्थिति को देखने वालो द्वारा (ही) समझा जाने योग्य (होता है)। और जो अ-परम स्थिति मे ठहरे हुए हैं (वे) ही व्यवहार के द्वारा उपदिष्ट (होते हैं)।

6 जो (नय) आत्मा को स्थायी, अद्वितीय, (कर्मों के) बन्ध से रहित, (रागादि से) न छुआ हुआ, (अतरग) भेद से रहित, (तथा) (अन्य से) अमिश्रित देखता है, उसको (तुम) शुद्ध नय जानो।

7 जो (आत्मा को) न बधी हुई (तथा) (कर्मों के द्वारा) मलिन न की हुई समझता है, (जो) (इसके अनुभव को) अद्वितीय (समझता है) और इसके अस्तित्व को (अन्तरगरूप से) भेदरहित (समझता है), (जो) (आत्मा को) क्षेत्ररहित, परिभाषारहित तथा मध्यरहित (समझता है), (वह) सम्पूर्ण जिन-शासन को समझता है।

8 जैसे कोई भी धन का इच्छुक मनुष्य राजा को जानकर (उस पर) श्रद्धा करता है, और तब उसका बडी सावधानी पूर्वक अनुसरण करता है,

9 वैसे ही परम शान्ति के इच्छुक (मनुष्य) के द्वारा आत्मारूपी राजा समझा जाना चाहिए तथा श्रद्धा किया जाना चाहिए और फिर निस्सन्देह वह ही अनुसरण किया जाना चाहिए।

10 जो भी कोई चेतन, अचेतन, मिश्र (चेतन-अचेतन) अन्य पर द्रव्य है, (उसके विषय मे यदि कोई व्यक्ति सोचे कि) मैं यह (पर द्रव्य) हूँ, यह (पर द्रव्य) मैं (हूँ) मैं इसके लिए ही (हूँ) मेरे लिए यह (है),

11 आसि मम पुव्वमेद अहमेदं चावि पुव्वकालम्हि ।
होहिदि पुणो वि मज्झ अहमेदं चावि होस्सामि ॥

12 एवं तु असंभूदं आदवियप्प करेदि समूढो ।
भूदत्थ जाणंतो ण करेदि दु तं असंमूढो ॥

13 ववहारणओ भासदि जीवो देहो य हवदि खलु एक्को ।
ण दु णिच्छयस्स जीवो देहो य कदावि एक्कट्ठो ॥

14 तं णिच्छये ण जुज्जदि ण सरीरगुणा हि होंति केवलिणो ।
केवलिगुणे थुणदि जो सो तच्चं केवलिं थुणदि ॥

15 णयरम्मि वण्णिदे जह ण वि रण्णो वण्णणा कदा होदि ।
देहगुणे थुव्वते ण केवलिगुणा थुदा होंति ॥

16 जो इंदिये जिणित्ता णाणसहावाधिय मुणदि आदं ।
त खलु जिदिंदियं ते भणंति जे णिच्छिदा साहू ॥

11 पहले यह (पर द्रव्य) मेरा था, फिर भी (यह) मेरे लिए होगा, पूर्वकाल मे भी मैं यह (पर द्रव्य) (था) (तथा) मैं भी यह (पर द्रव्य) होऊँगा, (तो वह अज्ञानी है) ।

12 इस प्रकार से ही (जो) विल्कुल अयथार्थ (मिथ्या) विकल्प को मन में विचारता है, (वह) अज्ञानी (है), और (जो) यथार्थ को जानता हुआ उस (मिथ्या विकल्प) को मन मे नही विचारता है, (वह) ज्ञानी है ।

13. व्यवहारनय कहता है (कि) जोव और देह एक (समान) होते हैं, परन्तु निश्चयनय के (अनुसार) जीव और देह कभी एक (समान) पदार्थ नही (होते हैं) ।

14 वह (केवली/समतावान/तनाव-मुक्त के पुद्गलमय शरीर की) (स्तुति) निश्चयदृष्टि से उपयुक्त नही होती है, क्योकि केवली के (आत्मानुभव मे) शरीर के गुण नही होते है। जो केवली (समतावान) के गुणो (आत्मानुभव की विशेपताओ) की स्तुति करता है, वह वास्तव मे केवली (समतावान) की स्तुति करता है ।

15 जैसे नगर का वर्णन किया हुआ होने पर भी, राजा का वर्णन किया हुआ नही होता है, (वैसे ही) देह-विशिष्टताओ की स्तुति किए जाते हुए होने पर भी अरहत (शुद्ध आत्मा) की विशिष्टताएँ स्तुति की हुई नही होती है ।

16 जो इन्द्रियासक्ति को जीतकर ज्ञानस्वभाव से ओतप्रोत आत्मा का अनुभव करता है, उस (व्यक्ति) को ही वे, जो पक्के साधु हैं, इन्द्रियो को जीतनेवाला कहते हैं ।

17 जह णाम को वि पुरिसो परदव्वमिण ति जाणिदु मुयदि ।
तह सव्वे परभावे णादूण विमुञ्चदे णाणी ॥

18 अहमेक्को खलु सुद्धो दंसणणाणमइओ सयारूवी ।
ण वि अत्थि मज्झ किंचि वि अण्ण परमाणुमेत्त पि ॥

19 एदे सव्वे भावा पोग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा ।
केवलिजिणेहि भणिदा किह ते जीवो त्ति वुच्चति ॥

20 अरसमरूवमगध अव्वत्त चेदणागुणमसद्द ।
जाण अलिगग्गहणं जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं ॥

21 जीवस्स णत्थि वण्णो ण वि गंधो ण वि रसो ण वि य फासो ।
ण वि रूव ण सरीरं ण वि संठाणं ण सहणणं ॥

22 जीवस्स णत्थि रागो ण वि दोसो णेव विज्जदे मोहो ।
णो पच्चया ण कम्म णोकम्म चावि से णत्थि ॥

17. जैसे कोई भी मनुष्य, यह पर वस्तु है, इस प्रकार जानकर (उसको) छोड देता है, वैसे ही ज्ञानी (मनुष्य) सभी पर भावो को समझकर (उनको) त्याग देता है।

18 मैं अनुपम (हूँ), निश्चय ही शुद्ध (हूं), दर्शन-ज्ञानमय (हूँ), सदा अमूर्तिक (अतीन्द्रिय) हूं, इसलिए कुछ भी दूसरी (वस्तु) परमाणु मात्र भी मेरी नही है।

19 (जब) अरिहत द्वारा ये सभी (रागादि) भाव (कर्म)-पुद्गल-द्रव्य के फल-स्वरूप उत्पन्न कहे गए (है) (तो) वे जीव (चेतन) (हैं), इस प्रकार कैसे कहे जाते हैं ? (यह समझ मे नही आता है)।

20 (यह) तुम जानो (कि) आत्मा रस-रहित, रूप-रहित, गध-रहित, शब्द-रहित तथा अदृश्यमान (है), (उसका) स्वभाव चेतना (है), (उसका) ग्रहण बिना किसी चिन्ह के (केवल अनुभव से) (होता है) और (उसका) आकार अप्रतिपादित (है)।

21. जीव मे (कोई) वर्ण नही (है), (उसमे) (कोई) गध भी नही है, (उसमे) (कोई) रस भी नही है, (उसमे) (कोई) स्पर्श भी नही (है), (उसमे) (कोई) शब्द भी नही (है), (उसका) (कोई) शरीर भी नही (है), (उसका) (कोई) आकार भी नही (है) (और) (उसमे) (किसी प्रकार की) अस्थि-रचना भी नही (है)।

22. जीव मे राग नही है, (उसमे) द्वेष भी नही (हैं), न ही (उसमे) मोह (है), न (उसमे) ज्ञेय पदार्थ (है), न ही (उसमे) कर्म (है) और (उसके) शरीरादि (नोकर्म) भी नही है।

23 एदेहि य संबंधो जहेव खीरोदय मुणेदव्वो ।
ण य होंति तस्स ताणि दु उवओगगुणाधिगो जम्हा ॥

24 पंथे मुस्संतं पस्सिदूण लोगा भणंति ववहारी ।
मुस्सदि एसो पंथो ण य पंथो मुस्सदे कोई ॥

25 तह जीवे कम्माणं णोकम्माणं च पस्सिदुं वण्णं ।
जीवस्स एस वण्णो जिणेहि ववहारदो उत्तो ॥

26 गंधरसफासरूवा देहो संठाणमाइया जे य ।
सव्वे ववहारस्स य णिच्छयदण्हू ववदिसंति ॥

27 तत्थ भवे जीवाणं संसारत्थाण होंति वण्णादी ।
संसारपमुक्काणं णत्थि दु वण्णादओ केई ॥

28 जीवो चेव हि एदे सव्वे भाव त्ति मण्णसे जदि हि ।
जीवस्साजीवस्स य णत्थि विसेसो दु दे कोई ॥

29 जाव ण वेदि विसेसंतर तु आदासवाण दोण्हं पि ।
अण्णाणी ताव दु सो कोहादिसु वट्टदे जीवो ॥

23 इन (वर्णादि) के साथ (जीव का) सवध दूध और जल के समान (अस्थिर) समझा जाना चाहिए। वे (वर्णादि) उसमे (जीव मे) (स्थिररूप से) बिल्कुल ही नही रहते है, क्योकि (जीव) तो ज्ञान–गुण से ओतप्रोत (होता है)।

24 मार्ग मे (व्यक्ति को) लूटा जाता हुआ देखकर सामान्य लोग कहते है (कि) यह मार्ग लूटा जाता है। किन्तु (वास्तव मे) कोई मार्ग लूटा नही जाता है, (लूटा तो व्यक्ति जाता है)।

25 उसी प्रकार जीव मे कर्म और नोकर्म से (उत्पन्न) वाह्य दिखाव–वनाव को देखकर, जिन के द्वारा कहा गया (है) (कि) यह दिखाव–वनाव व्यवहार से जीव का हो है।

26 जो गध, रस, स्पर्श और वर्ण (हैं), (जो) देह (है) तथा जो आकार आदि (है), (वे) सव व्यवहार से (जीव के) (जितेन्द्रियो द्वारा) कथित (है)। (ऐसा) निश्चय के जानकार कहते है।

